30/01/2025

आकाशवाणी ईटानगर

अरुणाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष प्रो. प्रदीप लिंग्फा और सदस्य कर्नल रिटायर्ड कोज तारी के साथ महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग की चार सदस्यीय टीम ने आज राजभवन, ईटानगर में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक से मुलाकात की। एमपीएससी टीम राज्य लोक सेवा आयोग की अध्ययन करने के लिए एक सप्ताह के दौरे पर है। इस अवसर पर राज्यपाल ने जोर दिया कि लोक सेवा आयोग द्वारा की गई सिफारिशों के लिए योग्यता ही एकमात्र मानदंड होनी चाहिए। उन्होंने रेखांकित किया कि एक सुरक्षित, प्रगतिशील और विकसित समाज को बढ़ावा देने के लिए निष्पक्ष और स्वतंत्र निर्णय लेना महत्वपूर्ण है। राज्यपाल ने अरुणाचल प्रदेश और महाराष्ट्र के लोक सेवा आयोग के सदस्यों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि सबसे योग्य व्यक्तियों की सिफारिश की जाए और उन्हें नेतृत्व की भूमिका भी सौंपी जाए।

0000000000000000000

राज्य के पशुपालन एवं पशु चिकित्सा मंत्री गेब्रियल डी. वांगसू ने हाल ही में हुए पुनर्वास और नए पिग इंडक्शन प्रोग्राम के बाद, गत बुधवार को खारसिंहसा में पुनर्निर्मित सेंट्रेल पिग ब्रीडींग फार्म का निरीक्षण किया। उन्होंने इस सुविधा में लाए गए 20 उच्च गुणवत्ता वाले सूअरों का मूल्यांकन किया, जिनमें बड़े व्याट यॉर्कशायर, हैम्पशायर

और लैंड्रेस जैसे नस्लें शामिल की गई हैं। इनको पिछले महीने असम के तेजपुर स्थित प्रसिद्ध सिम्बायोटिक पिग ब्रीडींग फार्म से लाया गया था। श्री वांगसू ने नए लाए सूअरों के लिए उचित चारा प्रबंधन और सख्त संगरोध प्रक्रियाओं के महत्वपूर्ण महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि, "हमारा ध्यान देखभाल और बीमारी की रोकथाम के उच्चतम मानकों के साथ हमारे प्रजनन कार्यक्रम के पुनर्निर्माण और विस्तार पर है।" मंत्री ने कहा कि, विभाग सूअरों के जेनेटिक पूल में विविधता लाने और उसे मजबूत करने के लिए देश भर के विभिन्न संस्थानों से अतिरिक्त सुअर नस्लों को लाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है।

0000000000000000000

लोअर दिबांग वैली ज़िले के पुलिस विभाग द्वारा आज एस.पी रिंगू ङुपोक के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरुक्ता को बढावा देने के उद्देश्य से एक अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को हेलमेट सहित यातायात नियमों वाला ब्रोशर वितरित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एस.पी ने दुर्घटनाओं को कम करने के लिए जिम्मेदार ड्राइविंग के महत्व पर ज़ोर दिया। इस पहल को लोगों द्वारा प्रोतसाहन मिला और अधिकारियों ने भविष्य में भी इस तरह के अभियान का आयोजन करने का आग्रह किया।

0000000000000000000

एसपी ऑफिस, नाहरलागुन द्वारा हाल ही में निरजुली में रोड सेफ्टी मंथ के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाना और जनता के बीच यातायात नियमों को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर एसपी मिहिन गाम्बो ने दुर्घटनाओं को रोकने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात नियमों का पालन करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से सड़क सुरक्षा ऐम्बैसडर बनने और समुदायों को यातायात नियमों के महत्व के बारे में जागरूक करने का आग्रह किया।

0000000000000000000

आज नाहरलगुन स्थित सूद गांव में जिला स्वास्थ्य सोसायटी, इटानगर राजधानी क्षेत्र द्वारा राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण दिवस 2025 के तहत, कुष्ठ जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कुष्ठ रोग यानी लेप्रोसी के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाना के साथ ही इसके के बारे में गलतफहमियों को दूर कर यह सुनिश्चित करना है कि, प्रभावित लोगों को आवश्यक सहायता और देखभाल मिले सकें।

0000000000000000000

लोअर सियांग जिले के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा आज सीएचसी, नारी में तीन कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम के तहत एकीकृत स्वास्थ्य अभियान, 100 दिवसीय तपेदिक अभियान और स्पर्श कुष्ठ अभियान-2025 का शुभारंभ हुआ, जहाँ नारी उप-मंडल के

लोगों को कई तरह की चिकित्सा सेवाएँ निःशुल्क प्रदान की गईं। IHC के दौरान, एक ही शिविर में विभिन्न रोगों की जाँच की गई और परामर्श सत्र सहित प्रासंगिक उपचार लिंकेज का प्रावधान किया गया। शिविर में 400 से अधिक लाभार्थियों ने कई तरह की सेवाओं का लाभ उठाया।

0000000000000000000

कॉलेज ऑफ एग्रीकलचर पासीघाट द्वारा आज अपर सियांग ज़िला स्थित न्यामिंग गांव में मशरूम की खेती को बढावा देने के उद्देश्य से एक दिवसीय ट्रेनिंग कम इनपुट डिस्ट्रिब्युशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नेशनल मिशन ऑफ हिमालयन स्टडिज़ भारत सरकार के सहयोग से आरुणाचल प्रदेश में एकीकृत कृषि प्रणाली और आई.सी.टी अनुप्रयोग के माध्यम से आदिवासी किसानों की आजिविका में सुधार और उनका सशक्तिकरण के तहत किया गया है।

0000000000000000000

भारतीय मौसम विभाग ने अरुणाचल प्रदेश के क्रा दादी, कामले, लोअर सुबनसिरी और दिबांग वैली जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है। इन स्थानों पर अगले 12 घंटों में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश और बिजली गिरने की संभावना व्यक्त किया गय हैं।

0000000000000000000